# इंडियनऑयल

CIN : L23201MH1959GOI011388

(पाइपलाइन्स प्रभाग)

पाइपलाइन्स मुख्यालय, इंडियन ऑयल भवन, ए-1, उद्योग मार्ग, सेक्टर-1, नोएडा-201301

## रूचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण सूचना (ईओआई)

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पाइपलाइन्स प्रभाग) को राजस्थान में अपने निर्माण कार्यालयों के लिए **किराए पर अपनी व्यावसायिक बिल्डिंग/कार्यालय स्थान** किराए पर देने के लिए नीचे वर्णित योग्यता मानदंड रखने वाले बिल्डिंग के प्रामाणिक मालिकों से रूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की जाती हैं:

**1. ईआईआई सं.** — **पीएल/एचओ/न्यू एमपीपीएल/ईओआई 1.0**

**2. कार्यालय स्थान के लिए बिल्डिंग का स्थान/क्षेत्र और अपेक्षाएं:**

- राजस्थान राज्य में निम्नलिखित विवरणों के अनुरूप कार्यालय स्थान की आवश्यकता हैः

| क्र. सं. | कार्यालय का नाम | अनुमानित कार्पेट क्षेत्र (वर्ग फीट) | अनुमानित निर्मित क्षेत्र (वर्ग फीट) | संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जयपुर | 4460 | 5400 | 1. यह कॉमर्शियल क्षेत्र में मध्य भाग में स्थित हो<br>2. जयपुर नगर निगम की सीमाओं के भीतर स्थित होना चाहिए<br>3. वरीयतन क्षेत्र वैशाली नगर, जयपुर से 4 से 5 कि.मी. के दायरे में स्थित होना चाहिए। |
| 2 | जोधपुर | 5360 | 6430 | 1. यह व्यावसायिक क्षेत्र में मध्य भाग में स्थित हो<br>2- जोधपुर नगर निगम की सीमाओं के भीतर स्थित होना चाहिए<br>3. शताब्दी सर्कल, विजयराजे नगर, जोधपुर से 4 से 5 कि.मी. की दूरी में स्थित होना चाहिए |

**कार्यालय के लिए यथा अपेक्षित कमरे, केबिन और क्यूबिकल्स सृजित करने हेतु विभाजन के लिए आवश्यक क्षेत्र युक्त अर्द्ध सज्जित कार्यालय, परंतु बगैर किसी कार्यालय फर्नीचर के:**

- कार्यालय परिसर आसान पहुंच वाला, कॉमर्शियल, सड़क फेसिंग प्रोपर्टी साथ में मुख्य सड़क पर आसपास साफ–सफाई हो और किसी भी स्थिति में किसी क्षेत्र के भीतर गहरे में स्थित और छोटी–छोटी सड़कों से सटा न हो। परिसर से जुड़ी सड़क की न्यूनतम चौड़ाई 20 फुट होनी चाहिए।
- एकल/निकटवर्ती परिसरों में यह अपेक्षित होता है; *कार्पेट एरिया आरईआरए एक्ट, 2016 के अनुरूप।
- यदि प्रस्तावित स्थान भूतल पर नहीं है, इसमें पहली मंजिल से ऊपर एक समय में 6–8 व्यक्तियों को लाने–ले जाने के लिए लिफ्ट की सुविधा होनी चाहिए।
- परिसर में कॉमन एरिया, लिफ्ट आदि सहित संपूर्ण प्रस्तावित क्षेत्र के लिए 24X7 पावर बैक अप होनी चाहिए।
- 8–10 कारों की पार्किंग और 8–10 दुपहिया की पार्किंग के लिए स्थान। पार्किंग सटी हुई और अच्छी तरह से सीमांकित होनी चाहिए।
- परिसर का रखरखाव, जिसमें सिविल, इलेक्ट्रिकल, दूरसंचार, लैन सेवाएं और अग्निशामक प्रणाली का रखरखाव और अन्य रखरखाव शामिल हैं, किराएदार के दायरे में होंगे। इसमें आईओसीएल द्वारा अलग से खरीदे/किराए पर लिए गए उपकरणों का रखरखाव शामिल नहीं है।
- शौचालयों के लिए पर्याप्त प्रावधान (पुरूषों और महिलाओं के लिए अलग–अलग)
- केबिन/क्यूबिकल से सुसज्जित भवन में केबिन और क्यूबिकल को आवंटित किए जाने वाले स्थान का विवरण निविदा के साथ प्रदान किया जाएगा।
- क्यूबिकल्स और केबिनों का लेआउट और फिनिशिंग और अन्य सुविधाएं बेहतर गुणवत्ता की होनी चाहिए।
- इंटीरियर का निर्माण/बदलाव आईओसीएल द्वारा तय किया जाएगा और पारस्परिक रूप से सहमत समय अवधि के भीतर किया जाएगा। लीज अवधि कार्यालय परिसर को आईआईसीएल को सौंपे जाने की तिथि से प्रारंभ होगी।
- प्रत्येक कक्ष, केबिन में टेलीफोन और लैन टर्मिनल उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए आईओसीएल द्वारा अलग से कनेक्शन लिया जाएगा।
- बोलीदाता को आईओसीएल के निम्नलिखित वेबपेज **https://www.iocl.com/suppliers-notices** पर तकनीकी बोली के साथ संलग्न अनुलग्नक–2 में विनिर्दिष्ट तकनीकी अपेक्षाएं पूरी करनी चाहिए।

| | | |
|---|---|---|
| 3. | योग्यता मानदंड | • तकनीकी बोली अनुलग्नक–2 के अनुरूप यथा विनिर्दिष्ट<br>• बिल्डिंग मालिक के पास प्रस्तावित परिसरों के लिए स्पष्ट टाइटल डीड होनी चाहिए।<br>• प्रोपर्टी कार्पेट एरिया, बिल्ट–अप एरिया की दृष्टि से ऊपर दिए गए विवरण के अनुसार स्थित होनी चाहिए।<br>• प्रोपर्टी ऊपर विनिर्दिष्ट क्षेत्र में स्थित होनी चाहिए।<br>• प्रोपर्टी किसी बाध्यता (इनकंबरेंस) से मुक्त होनी चाहिए।<br>• इस संबंध में अपेक्षित दस्तावेजी सबूत प्रस्तुत करना होगा।<br>• निविदा दस्तावेजों में यथा विनिर्दिष्ट/विस्तृत सुविधाएं उपलब्ध करानी होगी। |
| 4. | लीज की अवधि | • 2 वर्ष, साथ में 1 वर्ष अथवा इसके भाग के लिए विस्तार के प्रावधान के साथ।<br>• दरें सभी 2 वर्षों के लिए स्थिर होंगी। |
| 5. | प्रेषित की जानी वाली विस्तृत सूचना | |

- सही पता/मालिक का नाम और संपर्क विवरण/प्रस्तावित क्षेत्र/स्वामित्व दस्तावेज/गैर–भार प्रमाणपत्र/भवन परमिट/नवीनतम निगम कर भुगतान रसीद/कार्यालय की पहुंच दर्शाने वाली और अनुमोदित भवन लेआउट/प्रस्तावित सुविधाओं (बिजली कनेक्शन/पावर बैकअप/आपातकालीन) को दर्शाने वाला लेआउट जनरेट/पानी का कनेक्शन/अग्निशमन सुविधाएं/लैन और दूरसंचार सुविधाएं/कोई अन्य प्रस्तावित सुविधा)
- तकनीकी बोली (भाग–क) और कॉमर्शियल बोली (भाग–ख) के अनुरूप अपेक्षित अन्य सभी सूचना

| | | |
|---|---|---|
| 6. | प्रस्तावों की प्रस्तुति | • उपर्युक्त विवरण के साथ आवेदन–पत्र हमारे कार्यालय में डाक/पोस्ट/कोरियर के जरिए **25.03.2022 को 1600 बजे** तक अथवा इससे पहले ईओआई प्रापण प्राधिकारी के पते पर पहुंच जाना चाहिए।<br>• **25.03.2022, 1600 बजे** के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। |
| 7. | ईओआई प्रापण प्राधिकारी | महाप्रबंधक (निर्माण)<br>पाइपलाइन्स मुख्यालय, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमि. (पाइपलाइन्स प्रभाग),<br>इंडियन ऑयल भवन, ए–1, उद्योग मार्ग, सेक्टर–1, नोएडा–201301<br>Email-id: **beheraak@indianoil.in** |
| 8. | प्रस्तुति की पद्धति | |

- बोलीदाता निम्नलिखित वेब पेज **https://www.iocl.com/suppliers-notices** से बोली दस्तावेज (तकनीकी और मूल्य बोली दोनों) डाउनलोड कर सकते हैं, बिड का प्रिंट लें और हार्ड प्रति में प्रक्रिया के अनुरूप विधिवत भरी हुई बोलियां प्रस्तुत करें।
- ईओआई मुहरबंद लिफाफों में उसके ऊपर ''जयपुर/जोधपुर में स्थान के लिए आईओसी लिमि. हेतु कार्यालय की हायरिंग के लिए ईओआई'' साथ में बोलीदाता के नाम, पते और संपर्क नंबर का उल्लेख करके प्रस्तुत करनी चाहिए। **किराये आदि जैसे विवरण का योग्यता हेतु प्रस्तुत तकनीकी बोली में उल्लेख नहीं करना है।**
- मूल्य बोलियां अलग लिफाफे में मूल्य बोली फॉर्मेट में प्रस्तुत करनी होंगी तथा यह तकनीकी बोली के लिफाफे में नहीं होगी।

9. विशेष अनुदेश

- बोलीदाताओं को ईओआई आमंत्रण सूचना दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लेना चाहिए और अस्वीकृति से बचने के लिए बोली के साथ सभी अपेक्षित दस्तावेज संलग्न करने चाहिए।
- आईओसीएल के पास बगैर कोई कारण बताए ईओआई को अंशतः अथवा पूर्णतः निरस्त करने/ईओआई प्रस्तुति की निर्धारित तिथि बढ़ाने आदि का अधिकार सुरक्षित है।
- ब्रोकर्स/रियल एस्टेट एजेंटों से प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा।
- एक से अधिक स्वामी होने के मामले में, अन्य संयुक्त स्वामियों से सहमति पत्र प्रस्तुत करना होगा।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
आज़ादी का अमृत महोत्सव